23 जनवरी 2023 को 500 केन्द्रीय विद्यालयों में होगी चित्रकला प्रतियोगिता

भोपाल, 18 जनवरी 2023

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, भोपाल के प्राचार्य श्री सरजीत सिंह जी ने बताया कि दिनांक 23/01/ 2023 को विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा इसके अंतर्गत आदरणीय प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए परीक्षा पर चर्चा के मंत्रों को केंद्र में रखकर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी । इस प्रतिस्पर्धा में भोपाल के अलग-अलग विद्यालयों से लगभग 100 विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। आयोजक विद्यालय केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 से 10 विद्यार्थी, जवाहर नवोदय विद्यालयों से 10 विद्यार्थी, समीपस्थ केंद्रीय विद्यालयों से 10 विद्यार्थी एवं अन्य राजकीय विद्यालयों और सीबीएसई के विद्यालयों से 70-विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता का समय प्रातः 10:00 से 12 मध्य रहेगा। प्रतियोगिता के विषय प्रधानमंत्री जी द्वारा लिखित पुस्तक परीक्षा पर चर्चा द्वारा लिये गए हैं। उक्त प्रतियोगिता में कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। सभी 100 विद्यार्थियों को डिजिटल प्रमाण पत्र दिए जाएंगे साथ ही प्रथम चयनित 5 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित ₹150/- के शुल्क पर "एग्जाम वारियर्स" पुस्तक प्रदान की जाएगी। आयोजक संस्था द्वारा स्वल्पाहार आदि की व्यवस्था भी की जाएगी।

प्रतियोगिता में परीक्षा के योद्धा विषय पर निम्न बिन्दु रखे गये हैं।
-

Themes for Painting Competition : Mantras given in Exam Warriors

S. No.	Themes	
1	परीक्षा एक उत्सव-उमंग और उल्लास से मनाएं	Exams Are Like Festivals-Celebrate Them
2	परीक्षा आपकी अभी की तैयारियों की है, पूरे जीवन की नहीं – मस्त रहें।	Exams Test Your Current Preparation, Not You, Chill
3	हंसते हुए जाइए , मुसकुराते हुए आइये	Laugh In, Laugh Out
4	Warrior बनें, Worrier नहीं	Be a Warrior, Not a Worrier
5	ज्ञान स्थायी है, इसे ही लक्ष्य बनाइये	Knowledge is Permanent – Pursue It
6	प्रतिस्पर्धा नहीं , अनुस्पर्धा	Compete-with Yourself
7	समय आपका है, सदुपयोग कीजिये	It's Your Time – Make the Most of It
8	'वर्तमान' ईश्वर का सर्वोत्तम उपहार – वर्तमान में जियें	The Present is God's Greatest Present-Live Here And Now
9	टेक्नोलॉजी से पढ़ाई, रोचक और सरल-इसे आजमाएं	Technology Is a Great Teacher-Embrace It
10	करना है बेहतर काम तो करें पर्याप्त आराम	To Do Your Best, Take Adequate Rest
11	अच्छी नींद सफलता का मंत्र	Sleep Is a Great Weapon- Sharpen It
12	जो खेले, वो खिले	Play to Shine
13	स्वयं को जानिए-अपनी क्षमताओं पर गर्व कीजिए	Be Your Own Anchor-Celebrate Your Strengths
14	अभ्यास से बढ़ेगा आत्मविश्वास	Revise and Become Wise
15	बातें छोटी, असर बड़े- परीक्षा के अनुसासन का पालन कीजिये	Little Thing Matter – Observe Exam Discipline
16	आपकी परीक्षा, आपके तरीके-अपनी शैली अपनाएं	Your Exam, Your Methods-Choose Your Own Style
17	प्रस्तुतीकरण महत्वपूर्ण है-पारंगत बनिए	Presentation Is Key-Master It
18	अक्ल को हां, नकल को ना	To Cheap to Be Cheap
19	उत्तर-पुस्तिका आगे बढ़ चुकी है आप भी आगे बढ़ें	The Answer Sheet Is a One-Way Ticket-Move Ahead
20	जीवन को जानें , स्वयं को पहचानें	Discover Yourself—Experience All That Life Offers
21	अतुल्य भारत –घूमिए और जानिए	India Is Incredible—Travel and Explore
22	एक यात्रा समाप्त, दूसरी शुरू	As One Journey Ends, Another Begins
23	कुछ बनने के नहीं, कुछ करने के सपने देखिये	Aspire, Not to Be, but to Do
24	वे हैं ...इसीलिए आप हैं – कृतज्ञ रहें	Be Grateful
25	योग तंदुरुस्त शरीर और तेज दिमाग की चाबी, इसे अपनाएं	Yoga Brings Transformation-Practice Regularly